PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Mon, 15 May 2017, Page 8
Width: 14.12 cms, Height: 4.91 cms, a4, Ref: 43.2017-05-15.81

आकाशवाणी पर होगा मोदी सरकार के कामों का बखान

राजग सरकार 26 मई को पूरा करने जा रही है अपना तीन साल का कार्यकाल

नई दिल्ली। मोदी सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए आकाशवाणी अपनी रणनीति के तहत गीतों, वृत्तचित्रों और साक्षात्कारों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करने वाला है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि ये कार्यक्रम हिंदी, अंग्रेजी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं में करीब 400 से अधिक केंद्रों के नेटवर्क वाली आकाशवाणी से प्रसारित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लोग पिछले तीन साल में सरकार के विभिन्न फैसलों के नतीजों और क्रियान्वयन के बारे में जानने के इच्छुक होंगे। नोटबंदी, रियल इस्टेट सेक्टर के नियमन के लिए कानून और विभिन्न देशों के साथ कर संधियों में सुधार जैसे मुद्दों तथा इन फैसले के पीछे के तर्क को लेकर गहराई से विस्तारपूर्वक विशेष चर्चा होगी। विशेषज्ञों एवं नेताओं से साक्षात्कार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना तथा कर सुधार उपाय जीएसटी समेत विभिन्न पहलों पर तथ्यात्मक जानकारी के प्रसारण के लिए वृत्तचित्रों का प्रसारण किया जाएगा।■ भाषा